BizAmp-पूर्वोत्तर क्षेत्र के व्यवसायों का संवर्द्धन

हाल ही में लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम मंत्रालय द्वारा **NSIC वेंचर कैपटिल फंड लमिटिेड (NVCFL)** के सहयोग से नगालैंड के दीमापुर में अपने **आत्मनरि्भर भारत (SRI) फंड** के तहत **BizAmp नामक एक आउटरीच प्रोग्राम** आयोजति कयिा गया।

BizAmp क्या है?

- BizAmp देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में **पहला आउटरीच प्रोग्राम** है जो **NVCFL के SRI फंड** के माध्यम से **पूंजीगत लाभों को अधकितम** करने पर केंद्रति है।
- कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों के **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs)** को सशक्त बनाना और SRI फंड के तहत लाभों का उपयोग करके उनके व्यवसायों को बढ़ाना है।
- इस आयोजन में लाभार्थी MSME के लयि अपनी स्टोरी प्रस्तुत करने और अन्य MSME को प्रेरति करने के लयि एक समर्पति फोरम शामलि था।
    - इस कार्यक्रम ने वभिनि्न पूर्वोत्तर राज्यों के उद्योग सचविों की उपस्थतिकि साथ राज्य और केंद्र सरकार के ठोस प्रयासों को प्रदर्शति कयिा, जनि्होंने MSME के वकिास में सहायता के लयि तैयार की गई वभिनि्न नीतयिों के बारे में जानकारी प्रदान की।

SRI फंड के बारे में:

- **परचिय:**
    - यह फंड भारत को वति्तीय सहायता प्रदान करने हेतु सरकार का प्रमुख कार्यक्रम **'आत्मनरि्भर भारत'** कार्यक्रम के हसि्से के रूप में शुरू कयिा गया था।
- **उद्देश्य:**
    - फंड का उद्देश्य वकिास में मदद करना, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चैंपयिन बनना तथा प्रासंगकि प्रौद्योगकियिों, वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन करके भारत को आत्मनरि्भर बनाना है।
- **SRI फंड की संरचना:**
    - SRI फंड एक रणनीतकि नविेश है जो **फंड ऑफ फंड्स** के रूप में कार्य करता है, जसिमें प्रत्यक्ष रूप से कंपनयिों के बजाय अन्य फंडों में नविेश कयिा जाता है। SRI फंड की संरचना इस प्रकार है:
        - नधि, मदर फंड और डॉटर फंड संरचना के माध्यम से संचालति होती है।
        - एंकर नविेशक के रूप में भारत सरकार के साथ SRI फंड (मदर फंड) की कुल राशि/कॉर्पस 10,006 करोड़ रुपए है।
        - डॉटर फंड भारतीय प्रतभिूतिऔर वनिमिय बोर्ड (सेबी) - पंजीकृत श्रेणी I तथा श्रेणी II वैकल्पकि नविेश नधि (Alternate Investment Funds-AIF) हैं।
        - डॉटर फंड अधकिांशतः वेंचर कैपटिल और प्राइवेट इक्वटिी फंड हैं।
        - सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम वकिास अधनियिम, 2006 के अंतर्गत आने वाले MSME में डॉटर फंड नविेश करते हैं।
- **प्रबंध प्राधकिरण:**
    - SRI फंड का प्रबंधन **NVCFL** द्वारा कयिा जा रहा है।
        - **NVCFL** सेबी (AIF) वनियिम, 2012 के प्रावधानों के तहत श्रेणी II AIF के रूप में सेबी के साथ पंजीकृत है।
- **MSMEs पर प्रभाव:**
    - SRI फंड इक्वटिी/अर्द्ध-इक्वटिी जैसे संरचति साधनों के माध्यम से MSME को वकिास पूंजी प्रदान करता है।

पूर्वोत्तर भारत में MSME को सशक्त बनाने का क्या महत्त्व है?

- MSME क्षेत्र का पोषण **राष्ट्र की आर्थिक प्रगति के लिये** महत्त्वपूर्ण है।
- पूर्वोत्तर भारत में MSME को सशक्त बनाना क्षेत्रीय और राष्ट्रीय **अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को बढ़ाने और आत्मनिर्भरता के लिये** महत्त्वपूर्ण है। MSME रोज़गार सृजित कर सकते हैं, निर्यात तथा, नवाचार को बढ़ावा दे सकते हैं और ग्रामीण विकास का समर्थन कर सकते हैं।
- क्षेत्र में MSME को सशक्त बनाने से **स्थानीय समुदायों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को लाभ होता है।**

पूर्वोत्तर भारत में MSME को सशक्त बनाने के लिये भारत की पहल

- **पूर्वोत्तर MSME कॉन्क्लेव** का आयोजन गुवाहाटी में उद्यमिता और व्यापार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिये किया गया था, जिसमें बुनियादी संरचना के निर्माण, बाज़ार लिंक प्रदान करने, MSME पार्क और टूल रूम स्थापित करने तथा विशेष रूप से पूर्वोत्तर के लिये एक नीति पेश करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न:

?????????

प्रश्न.1 विनिर्माण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार की हाल की नीतिगत पहल क्या है/हैं? (2012)

1. राष्ट्रीय निवेश और विनिर्माण क्षेत्र की स्थापना
2. 'सिंगिल विंडो क्लीयरेंस' का लाभ प्रदान करना
3. प्रौद्योगिकी अधिग्रहण और विकास कोष की स्थापना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (d)

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से कौन समावेशी विकास के सरकार के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में सहायता कर सकता है? (2011)

1. स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देना
2. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देना
3. शिक्षा का अधिकार अधिनियम को लागू करना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर:(d)

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bizamp-amplifying-businesses-of-northeast-region